Title: Need to give flood relief to the farmers of Western Uttar Pradesh.

**श्री अवतार सिंह भडाना (मेरठ) :** सभापति महोदय, सुमन जी ने जो चरण सिंह जी के बारे में यहां कहा, मैं भी उससे अपने को सम्बद्ध करता हूं। चौधरी चरण सिंह जी देश के किसानों के नेता थे, यह किसी से छिपा हुआ नहीं है इसलिए उस पर सरकार को ध्यान देना चाहिए।

दूसरी बात मैं किसानों के बारे में कहना चाहूंगा। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में, मेरे संसदीय क्षेत्र मेरठ में पचासों गांव गंगा में बाढ़ से तबाह हो गए हैं। गांव के गांव मिट गए हैं और लोग बेघर हो गए हैं। मैं इस बारे में प्रदेश सरकार से और केन्द्र सरकार से कई बार मांग की है कि गंगा में आई बाढ़ से लोगों को बचाने के लिए वहां ठोकर या पुशता लगाया जाए। लेकिन सरकार ने इस तरह का कोई इंतजाम नहीं किया। वहां हजारों एकड़ जमीन खत्म हो गई है, किसानों के गांव के गांव तबाह हो गए हैं इसलिए सरकार उनको सहायता प्रदान करे।